# श्री गणपति जी का ध्यान | by Divyashakti

चलो गणपति जी का ध्यान करें
बिना इनके कोई काम बनते नहीं
जो गणेश को पूजेगा मन से
वो जग में दुखी कभी होते नहीं

गौरी नंदन गणपति देवा
हैं इनके पिता श्री महादेवा
शक्ति मुक्ति के ये दाता
मुश्किल सबकी आसान करे

गणपति जी का रूप सुहाना
भाल तिलक लगे सूर्य समाना
इक बार तो आ दरबार में तू
जो चाहे वही वरदान मिले

लड्डू मोदक इनको भायें
श्रद्धा से जो भोग लगाएं
कर याद इन्हे शुभ काम में तू
चलो गणपति जी का ध्यान करें

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a4%aa%e0%a4%a4%e0%a4%bf-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a7%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-divyashakti/